पत्रिका 22.06.2019.

क क्लिक पर हर योजना की जानकारी : छात्र कल्याण विभाग की अलग वेबसाइट तैयार कर रहे आइइटी के छात्र

डीएवीवी के पोर्टल पर भी दर्ज होगी रैंगिंग की शिकायत

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

त्रिका न्यूज़ नेटवर्क
atrika.com



दौर. देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की छात्रहित में चलाई जाने वाली योजनाओं के प्रचार-प्रसार और छात्रों की परेशानी हल करने के लिए नए सत्र से अलग प्लेटफॉर्म शुरू होने जा रहा है। छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष के मार्गदर्शन में आइइटी के छात्र अलग वेबसाइट तैयार कर रहे हैं। इस पर छात्रों की उपलब्धियां बताने के साथ रैंगिंग व अन्य शिकायत भी की जा सकेगी।

छात्र कल्याण विभाग के तहत यूटीडी छात्रों के लिए कई योजनाएं संचालित हो रही हैं। कुछ योजनाएं निजी व सरकारी कॉलेज के छात्रों के लिए भी हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में छात्र इनका लाभ नहीं ले पाते। यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर इन योजनाओं की जानकारी जुटाना टेढ़ी खीर होता है। छात्र कल्याण विभाग तक हर छात्र की पहुंच हो, इसलिए कुलपति प्रो. नरेंद्र धाकड़ ने अलग वेबसाइट बनाने के निर्देश दिए थे। छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. एलके त्रिपाठी के निर्देशन में वेबसाइट बनाना शुरू हुआ। आइइटी (इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) से ही इंजीनियरिंग कर रहे तनय सराफ, तेजस्व गुप्ता और शैलेंद्रसिंह भाटी ने वेबसाइट डिजाइन की है। प्रो. त्रिपाठी ने बताया, छात्र रैगिंग की ऑनलाइन शिकायत करने में ज्यादा सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

उपलब्धियों का होगा डिजिटल रिकॉर्ड

वेबसाइट पर यूनिवर्सिटी या निजी स्तर पर हासिल उपलब्धियों की जानकारी भी शामिल करने की योजना है। यूनिवर्सिटी के छात्रों का अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा का समग्र रिकॉर्ड ही यूनिवर्सिटी के पास नहीं है। कुलपति प्रो. धाकड़ ने बताया, छात्र कल्याण विभाग के दायरे में आने वाली हर गतिविधि की अलग वेबसाइट तैयार होगी। यूटीडी के साथ निजी-सरकारी कॉलेज के छात्रों को भी इसका लाभ मिलेगा।

22.06.2019 पिपुल्स समाचार

सिंधी भाषा में एमए कराएगा देअविवि

इंदौर @ **पत्रिका.** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की स्टैंडिंग कमेटी ने सिंधी भाषा में एमए (मास्टर ऑफ आर्ट्स) का सिलैबस मंजूर कर दिया है। संभवतः 1 जुलाई से शुरू होने जा रहे नए सत्र से ही इस कोर्स की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। शोधपीठ के सदस्यों ने सिंधी भाषा में एमए शुरू करने का प्रस्ताव तैयार दिया था। इस पर बोर्ड ऑफ स्टडीज ने कोर्स तैयार किया जिसे स्टैंडिंग कमेटी ने मंजूरी दे दी।

पत्रिका

सीईटी के हर सेंटर पर होंगे 2-2 सर्वर

इंदौर @ **पत्रिका.** देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के विभागों में संचालित प्रमुख कोर्स के लिए रविवार को होने वाली ऑनलाइन सीईटी (कॉमन इंट्रेंस टेस्ट) की तैयारी अंतिम दौर में है। आवेदकों की सुविधा के लिए यूनिवर्सिटी शनिवार से मॉक टेस्ट की व्यवस्था कर रही है। टेस्ट के दौरान कोई व्यवधान न आए इसलिए खास ध्यान रखा जा रहा है। हर सेंटर पर एक्सपर्ट की टीम के साथ दो-दो सर्वर लगाए हैं। यूनिवर्सिटी के 23 विभाग के 65 कोर्स में एडमिशन सीईटी के जरिए ही होंगे। चार ग्रुप के लिए 17 हजार 760 आवेदन मिले हैं। ऑनलाइन टेस्ट कराने वाली एजेंसी ने 24 शहरों में 50 सेंटर बनाए।

डीएवीवी में जल्द शुरू किए जाएंगे शॉर्ट टर्म कोर्स, सर्टिफिकेट कोर्स की काफी डिमांड

रोजगार के सुनहरे अवसर...प्रत्येक कोर्स में मात्र 30 सीटें

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9826428274

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में बहुत जल्द ही सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए जाएंगे, जिनकी डिमांड इंडस्ट्री में बनी हुई है। छात्र-छात्राओं के लिए इसे रोजगारोन्मुखी कोर्स शुरू करने के पीछे बेहतर शिक्षा के साथ ही कोर्स करने वाले छात्रों के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर बनाना भी है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति डॉ. नरेंद्र कुमार धाकड़ ने बताया कि इंडस्ट्री की जरूरत को गंभीरता से लेते हुए यूनिवर्सिटी आने वाले कुछ महीनों में दो दर्जन से ज्यादा शार्ट टर्म और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने जा रहा है। दीनदयाल उपाध्याय केंद्र से इन कोर्स के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। कोर्स को सात और पंद्रह दिन के हिसाब से तैयार किया है। प्रत्येक कोर्स में मात्र 30 सीटें रखी हैं।

इस मामले में दीनदयाल उपाध्याय केंद्र की प्रभारी डॉ. माया इंगले के मुताबिक यूनिवर्सिटी के सर्टिफिकेट कोर्स की काफी डिमांड है। अलग-अलग क्षेत्र को ध्यान में रखकर कोर्स डिजाइन किए हैं, जिसमें मैनेजमेंट, फोटोग्राफी, पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट समेत कई क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों के जरिए फील्ड से जुड़ी बारीकियां बताई जाएंगी।



एक हजार से तीन हजार रुपए इनकी फीस रखी गई है। जुलाई से दिसंबर के बीच कोर्स शुरू होंगे। हर महीने चार कोर्स रखे जाएंगे, जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर मिल सकें।

शार्ट टर्म और सर्टिफिकेट कोर्स की सूची

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार किए गए कोर्सेस में बेसिक कम्प्यूटर हॉर्डवेयर मेंटेनेंस, बेसिक टेली लर्निंग, एडवांस टेली लर्निंग, एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट फील्ड, फोटोशॉप, स्पोकन इंग्लिश, अकाउंट राइटिंग, वेबसाइट डिजाइन एंड डेवलपमेंट, एनजीओ एंड स्टॉर्टअप, कस्टमर मैनेजमेंट स्किल, फूड एंड वेजिटेबल पैकेजिंग, ट्रेनिंग ऑन जीएसटी, पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट, आंत्रप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट, डिजिटल मार्केटिंग, एडवांस एक्सेल, जावा प्रोग्रामिंग, नेटवर्किंग रूटीन प्रोग्राम, एडब्ल्यूएस शामिल हैं।